## सीएसआर एवं एसडी विभाग

# एनएचपीसी सीएसआर पहल के अंतर्गत क्यान-आधारित स्मार्ट क्लासरूम सहित शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

एनएचपीसी को उत्तराखंड के चंपावत और पिथौरागढ़ जिलों के 50 सरकारी स्कूलों में क्यान-आधारित स्मार्ट क्लासरूम के सफल क्रियान्वयन से शिक्षा क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया है। दिनांक 24 जुलाई, 2024 को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड, देहरादून द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में एनएचपीसी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को सम्मानित किया गया।

उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी और माननीय शिक्षा मंत्री श्री धन सिंह रावत ने एनएचपीसी लिमिटेड को शैक्षिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल शिक्षण क्षमताओं को बढ़ाने में किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया ।

एनएचपीसी ने इस परियोजना को अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत सोशल इम्पावरमेंट एंड इकानमिक सोसाइटी, नई दिल्ली के सहयोग से क्रियान्वित किया है। इस सहयोग से यह सुनिश्चित हुआ कि दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों को अब गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संसाधनों और इंटरैक्टिव शिक्षण अनुभवों तक पहुँच प्राप्त होगी।

शिक्षा में उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने में क्यान-आधारित स्मार्ट क्लासरूम से हमारे मिशन में एक नई उपलब्धि का प्रतिनिधित्व हुआ है। यह पहल सामुदायिक विकास और शैक्षिक सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

यह पुरस्कार शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा युवा शिक्षार्थियों के जीवन में स्थायी बदलाव लाने के लिए एनएचपीसी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पुरस्कार समारोह की झलकियां






समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

# Certificate of Appreciation

This is to certify that

**NHPC Limited** has generously equipped 50 classrooms in Uttarakhand with **Digital Teaching Learning Device.**

We are immensely grateful for this remarkable CSR initiative by **NHPC Limited** and look forward to continued collaboration for the betterment of education.

Thank you for your unwavering support and commitment to advancing learning opportunities for our students.

Date: 24-07-2024

**Bansidhar Tiwari**
**IAS**
State Project Director
Samagra Shiksha, Uttarakhand

*********